तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

10 प्रतिष्ठित साइंस जर्नल वर्तमान बागवानी ...

11 चार ग्राम पंचायतों को मिले पानी के टैंकर




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 21 जुलाई 2026
कूपन नं. 8

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
» कोपा » इलेक्ट्रिशियन
» हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
» डीजल मैकेनिक
» फायर टेक्नोलॉजी
» स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# नक्सल हिंसा छोड़ मुख्यधारा में लौटे युवाओं ने धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से लौटकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए तथा वर्तमान में नुआ बाट पुनर्वास केंद्र में निवासरत पुर्नवासितों के लिए रविवार का दिन प्रेरणादायक और विशेष रहा। केंद्र में पिछले ढाई महीनों से वेल्डिंग का व्यावसायिक कौशल सीख रहे इन युवाओं को आज जिला प्रशासन की पहल पर बस्तर के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण की पृष्ठभूमि जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना के नुआ बाट पुनर्वास केंद्र के प्रथम निरीक्षण के दौरान बनी थी। जब हितग्राहियों ने उनसे संवाद करते हुए अंचल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों को देखने तथा करीब से समझने की इच्छा जताई थी। युवाओं की इस जिज्ञासा और सकारात्मक सोच को सम्मान देते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बस्तर ने इस भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया। भ्रमण के दौरान हितग्राहियों को बस्तर की पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू होने का अवसर मिला। उन्होंने मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात राजमहल और ऐतिहासिक दलपत सागर की प्राकृतिक सुंदरता व इतिहास को जाना। इसके अलावा युवाओं ने भारत का नियाग्रा कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का आनंद लिया और मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट को करीब से देखा।

## नुआ बाट पुनर्वास केंद्र में वेल्डिंग कौशल सीख रहे



### मुख्यधारा से जुड़कर नए जीवन की ओर

पुनर्वास केंद्र में वेल्डिंग कौशल, अनुशासन और व्यावहारिक अनुभवों के बल पर ये युवा अब समाज की मुख्यधारा में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। प्रशासन को पूर्ण विश्वास है कि ये हितग्राही आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करेंगे, बल्कि अंचल के अन्य भटके हुए युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनकर उभरेंगे।

## गोंचा महापर्व : हेरापंचमी पर विधि विधान से पूजा आराधना

# महाप्रभु जगन्नाथ को खोजने मनाने निकली मां महालक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोंचा महापर्व के पांचवें दिन हेरा पंचमी' का पारंपरिक विधान पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। चार दिनों से अपनी मौसी के घर यानी जनकपुरी सिरासार भवन में भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विश्राम कर रहे महाप्रभु जगन्नाथ को ढूंढने और उन्हें मनाने के लिए आज माता महालक्ष्मी की पालकी यात्रा निकाली गई, जो जगन्नाथ मंदिर से जनकपुरी आई।

राजमहल में पारंपरिक पूजा और माता लक्ष्मी का प्रस्थानपरंपरा के अनुसार, हेरा पंचमी के इस अवसर पर सर्वप्रथम बस्तर राजमहल में विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए गए। बस्तर राजपरिवार के सदस्यों ने माता लक्ष्मी के विग्रह का भव्य श्रृंगार कर वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पुजारियों के नेतृत्व में माता लक्ष्मी की डोली पालकी को गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण कराते हुए जनकपुरी सिरासार परिसर की ओर रवाना किया गया।



सिरासार (गोंचागुड़ी) में हुआ प्रेम और मान-मनौव्वल का संवाद जब माता महालक्ष्मी की पालकी अस्थाई गुंडिचा मंदिर यानी सिरासार भवन पहुंची, तो वहां का माहौल अत्यंत भक्तिमय और भावुक हो उठा। पौराणिक मान्यताओं को जीवंत करते हुए ब्राह्मण समाज द्वारा माता लक्ष्मी और भगवान जगन्नाथ के मध्य वैचारिक वाद-विवाद और मान-मनौव्वल का सुंदर उपक्रम किया गया। महाप्रभु के बिना बताए भाई-बहन के साथ यात्रा पर निकल जाने से अप्रसन्न माता लक्ष्मी की नाराजगी को दूर करने के लिए पुजारियों ने भगवान जगन्नाथ के विग्रह की ओर से माता लक्ष्मी को 'आज्ञा माला' प्रसाद स्वरूप माला अर्पित की। जिसके बाद माता का क्रोध शांत हुआ।

**80 साल के वयोवृद्ध और तुपकी कलाकारों का सम्मान :** भक्तों ने सोमवार को भगवान के दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया।360 आरण्य ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य आत्मा राम जोशी ने बताया कि आज शाम समाज के 80 वर्ष और इससे अधिक आयु के बुजुर्गों सम्मान किया गया। तुपकी बनाने वाले कलाकारों का सम्मान किया गया। इन सभी आयोजनों के बाद अब मंगलवार से 'बाहुड़ा गोंचा की तैयारी शुरू हो जाएगी। हेरा पंचमी का यह विधान गोंचा महापर्व का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आज माता लक्ष्मी की इस मान-मनौव्वल की रस्म के पूर्ण होने के साथ ही महाप्रभु जगन्नाथ की मुख्य मंदिर में वापसी यानी 'बाहुड़ा गोंचा' रथों की वापसी यात्रा की प्रशासनिक और धार्मिक तैयारियां तेज हो गई हैं, जो 24 जुलाई को संपन्न होगी।

### प्रभु के सामने छतरी, तलवार मुकुट पहनकर नहीं जा सकते

सुकमा जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य कुमार जयदेव ने रियासत कालीन परंपरा अनुसार बस्तर के स्थानीय मुरिया, धाकड़ एवं आरण्यक व उत्कल समाज के



प्रतिनिधियों के साथ बस्तर गोंचा महापर्व में सोमवार को शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी की पूजा अर्चना कर बस्तर की सुख समृद्धि शांति के लिए की कामना की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ जगत के नाथ है, उनके सामने कोई राजा है न कोई मुख्यमंत्री है ना कोई प्रधानमंत्री है, वे जगत के पालनहार है। अब रही बात बड़े-छोटे की भगवान श्रीजगन्नाथ प्रभु के सामने छतरी, तलवार, मुकुट पहनकर नहीं जाया जा सकता लेकिन यहां चल रहा है इसे दुनिया देख रही है और समझती है। भगवान के पास सभी याचक के रूप में आते हैं। जिसका निर्वहन हमारे पूर्वजों से लेकर आज भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रजातंत्र है, यहां राजा-महाराजा, जमींदार वाली बात नहीं है। बस्तर की परंपराओं में बस्तरीयों की भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। श्री जयदेव ने कहा कि बस्तर की रियासत कालीन परंपराओं का निर्वहन दृढ़ता के साथ किया जाना आवश्यक है। इसमें तनिक भी बदलाव बस्तर की समृद्ध विरासत को खंडित करने का काम करती है। जिसका दुष्परिणाम देखने को मिलता है, बस्तर के लोग इसे जानते-समझते है। बस्तर का अस्तित्व बस्तर ▶▶| शेष पेज 10 पर

# नगरनार मुख्य बाजार स्थल के एटीएम को उखाड़कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नगरनार

स्टील प्लांट नगरनार से लगे मुख्य बाजार स्थल के एटीएम को बीती राज अज्ञात चोर उखाड़कर अपने साथ ले गए। इंडिया वन बैंक के एटीएम के कैश बाक्स को लगभग 50 मीटर तक घिसटकर ले जाने के बाद चोरों ने उसे वहीं छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि चोर कैश ले जाने में कामयाब नहीं हो सके। घटना की जानकारी लगते ही नगरनार टीआई दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी। फारेंसिंक व डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौके पर पहुंचकर चोरों को सुराग लगाने प्रयास कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे गए और घटना से सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

- नकद रकम ले जाने में असफल रहे, बूथ से लगभग 50 मीटर दूर कैश बाक्स छोड़ भागे

जानकारी के मुताबिक नगर में बाजार में लगे एटीएम को चोरों ने रविवार रात लूटने का प्रयास किया लेकिन इसमें वे सफल नहीं हो सके।



चोरों ने एटीएम को उखाड़कर अपने साथ ले जाने की कोशिश की लेकिन वे अपने इरादे में सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकालने की कोशिश की लेकिन जब वे इसमें कामयाब नहीं हुए तो रस्सी बांधकर किसी वाहन ▶▶| शेष पेज 10 पर

### आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे

प्रारभिंक जानकारी में बदमाश एटीएम से कैश लूटकर ले जाने में कामयाब नहीं हो सके। आरोपी कैश बाक्स को बूथ से लगभग 50 दूर छोड़कर भाग गए। फारेसिंक व डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौके पर जांच कर आरोपियों को तलाश की जा रही है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगें।
- **संतोष सिंह,** निरीक्षक, थाना नगरनार

## खबर संक्षेप



### नागरिक सेवाओं के संबंध में दी गई तकनीकी जानकारी

**जगदलपुर।** ई-गवर्नेंस सोसाइटी के जिला प्रबंधक राकेश भट्ट ने सेवा सेतु पोर्टल पर जोड़ी गई नई नागरिक केंद्रित सेवाओं के संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अब पोर्टल के माध्यम से राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्ड हेतु आवेदन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही स्थानीय निकायों एवं अन्य विभागों से जुड़ी सेवाएं जैसे विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, नवीन ट्रेड लाइसेंस, भवन अनुज्ञा और नल कनेक्शन के आवेदन भी इसी पोर्टल से निष्पादित किए जा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

### जिला स्तरीय नव उद्यमिता कार्यशाला होगी 22 को

**दंतेवाड़ा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा तेजस के अंतर्गत जिला स्तरीय उद्यमिता जागरूकता एवं नवउद्यमिता कार्यशाला का आयोजन 22 जुलाई को एजुकेशन सिटी जावंगा में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, नवप्रवर्तकों, उद्यमियों एवं विद्यार्थियों को नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें उद्यम स्थापना, वित्तीय सहायता और निवेश के अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना है।

### पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर 22 को कार्यशाला

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और विभिन्न सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत 22 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अनुसार कार्यशाला में उद्योग संचालनालय रायपुर से विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

### तिरिया पर्यटन स्थल 30 सितंबर तक बंद



**जगदलपुर।** मानसून के दौरान नदी-नालों में जलस्तर में वृद्धि के मद्देनजर ग्राम सभा तिरिया सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति ने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर तिरिया को 20 जुलाई से 30 सितंबर तक के लिए पूर्णतः बंद किया है। ग्रामसभा का मानना है कि सुरक्षा व्यवस्था और जन-धन की रक्षा पहली प्राथमिकता है, इसलिए मानसून के इस दौर में पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाना आवश्यक हो गया था।

# विश्वविद्यालय की विवादित भर्ती प्रक्रिया निरस्त की जाए : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कुलपति को पद से हटाना पर्याप्त नहीं है। यदि भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की आशंका है तो पूरी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से भर्ती कराई जानी चाहिए। पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव था। जिससे अनेक योग्य अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर नहीं मिल सका। ऐसी परिस्थितियों में भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्षता पर स्वाभाविक रूप से प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।



श्री चौधरी ने कहा कि यदि भर्ती प्रक्रिया में आर्थिक अनियमितताओं या प्रभाव के आरोप सामने आए हैं तो केवल कुलपति को हटाने से मामले का समाधान नहीं होगा। आवश्यक है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा यदि जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं, तो संपूर्ण चयन प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के सभी रिक्त पदों के लिए नए सिरे से भर्ती विज्ञापन राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों तथा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएं। साथ ही चयन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी को समान अवसर प्राप्त हो सके। राज्य सरकार यदि वास्तव में उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित करना चाहती है तो उसे केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित न रहकर विवादित भर्ती प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा कर उसे आवश्यक होने पर निरस्त करना चाहिए। इससे योग्य एवं वास्तविक प्रतिभागियों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डाक कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ ने 20 जुलाई से 27 जुलाई तक अपने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल शुरू कर दिया है । आज डाक कर्मियों ने काम काज किया लेकिन काले बैच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ डाक कर्मचारी संघ के सचिव हेमंत पांडे ने बताया कि यह आंदोलन चरण बद्ध तरीके से चलेगा। 27 जुलाई तक सांकेतिक प्रदर्शन 28 जुलाई को लांच के समय मंडलीय कार्यालयों पर प्रदर्शन, 5 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल और अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 18 अगस्त से डाक कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाएंगे। टारगेट के नाम पर विभागीय और जीडीएस कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए, प्रधानमंत्री की उद्घोषणा के बाद भी रेल डाक से जाने वाली मेल रेल से ना भेज कर आर टी एन से भेजा जाना बंद किया जाए, मेल मोटर सेवा विभाग के रिक्त सभी पदों को शीघ्र भरा जाए, डाक विभाग में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, पोस्टल अकाउंट का विकेंद्रीकरण रोका जाए, भूतपूर्व सैनिकों से विभाग में भर्ती में वेतन विसंगति ठीक की जाए, मृतक आश्रित को जीडीएस के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए, एनडीसी सिस्टम को खत्म कर पुराने डिलीवरी सिस्टम को लागू किया जाए एवं 17 सितंबर भगवान विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग रखी गई है।



# रैली निकालकर युवाओं ने जताया विरोध राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के मूल निवासी समाज, छात्र-युवा संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रतिनिधियों ने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध तथा सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।

- नीट परीक्षा पेपर लीक मामला और सोनम वांगचुक के समर्थन में आए बस्तर के युवा

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भर्ती प्रक्रियाओं में बढ़ती अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। पिछले कुछ वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, एसएससी, रेलवे, पुलिस भर्ती, शिक्षक भर्ती सहित अनेक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों के मामले सामने आए हैं। इससे कठिन परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है। वहीं युवाओं में निराशा और असंतोष का वातावरण बन रहा है। बस्तर जैसे आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्र सीमित संसाधनों के बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। अनेक परिवार आर्थिक कठिनाइयों के बीच अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाते हैं, लेकिन जब परीक्षाएं रद्द होती हैं या पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं तो सबसे अधिक नुकसान गरीब, ग्रामीण, आदिवासी और अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को उठाना पड़ता है। युवाओं ने कहा कि यह केवल परीक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समान अवसर के संवैधानिक अधिकार पर भी गंभीर आघात है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के प्रयासों का भी समर्थन ▶▶| शेष पेज 10 पर




### खिलवाड़ स्वीकार नहीं

संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ा गया। केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## हाईस्कूल के बच्चों के लिए 500 और हाई सेकंडरी के लिए 550 रुपए शुल्क तय

# अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद स्कूलों में पालकों को देना होगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछली सरकार ने कमजोर वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देने के लिए आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला था। यहां प्राइवेट स्कूलों की मोटी फीस देने में असमर्थ पालकों के बच्चे बिना फीस के दाखिला लिए थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने अब आत्मानंद स्कूल में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए फीस व्यवस्था लागू कर दी है। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम ने बताया कि इस वर्ष से हाईस्कूल 9 और 10 के बच्चों को अब 500 रुपए और 11 से 12 वीं के बच्चों को 550 रूपये देने होगे इसके अलावा शाला प्रबंधन समिति को यह अधिकार दिए गए है कि वो शाला के अन्य खर्चों के लिए भी, प्रस्ताव पारित करके अनुमोदित कर बच्चों से राशि के अलावा अन्य शुल्क के रूप में अधिक राशि ले सकते हैं। जैसे शिक्षक की कमी पर अतिथि शिक्षक को वेतन देने हेतु राशि एकत्र करने के संबंध में। उन्होंने कहा कि शाला प्रबंध समिति को इसके लिए अलग से खाता खोलकर उसका हिसाब रखना होगा।



### देनी होगी रसीद

संयुक्त संचालक एचआर सोम ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को बच्चों से लिये गए शुल्क की रशीद भी अनिवार्य रूप से विद्यार्थी या उनके पालकों को देना होगा। जिसमें यह दर्शना होगा कि किस किस मद में कितनी राशि ली गई है। इस संबंध में शासन ने आदेश भी जारी कर दिए हैं।

# छू लो आसमान कन्या परिसर कारली की 10 छात्राओं ने नीट-यूजी में अर्जित की सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में छू लो आसमान कन्या परिसर कारली की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा दीपा मरकाम ने 412 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार नेहा नायक ने 388 अंक, उर्वशी ठाकुर ने 375 अंक, तनिषा दास ने 355 अंक, वासानी कोवाशी ने 345 अंक, दिव्यांजलि मोडियामी ने 317 अंक, पारो ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### सत्र न्यायाधीश ने निःशुल्क विधिक सहायता पर दिया जोर

**कोण्डागांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष खिलावन राम रीगरी की अध्यक्षता में पैरालीगल वालंटियर्स की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधिक जागरूकता कार्यक्रमों और जनहितकारी गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पैरालीगल वालंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों् तक निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रें में विधिक जागरूकता बढ़ाने में पैरालीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में वालंटियर्स ने अपने–अपने क्षेत्रें में आयोजित विधिक साक्षरता शिविरों, लाभार्थियों को दी गई सहायता तथा आमजन की समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, बंदियों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी पैरालीगल वालंटियर्स से अधिक सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने कहा। साथ ही जनसमस्याओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक पहुंचाने तथा शासन की जनकल्याणकारी एवं विधिक सहायता योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### केशकाल में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**केशकाल।** 132 केवी उपकेंद्र कांकेर में आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाने के कारण केशकाल में मंगलवार 21 जुलाई को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति तीन घंटे तक प्रभावित रहेगी। विभाग के अनुसार, 132 केवी उपकेंद्र से संचालित सभी 33 केवी विद्युत लाइनों की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान केशकाल सहित संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने की संभावना है।

## निधन

### मनिहार सिंह मरकाम

**केशकाल।** पूर्व खंडशिक्षा अधिकारी मनिहार मरकाम के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पहुंचे और



पार्थिव देह के दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी मनिहार मरकाम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## उपलब्धि : बस्तर के नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल से संबंधित

# प्रतिष्ठित साइंस जर्नल वर्तमान बागवानी में प्रकाशित हुआ डॉ. त्रिपाठी का शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर अब कृषि नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहा है। बस्तर में विकसित नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल पर आधारित शोध देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल वर्तमान बागवानी के नवीनतम अंक में प्रकाशित हुआ है। यह मॉडल जलवायु परिवर्तन, बढ़ती खेती लागत और घटती कृषि आय जैसी चुनौतियों का प्रकृति आधारित समाधान प्रस्तुत करता है।

■ टिकाऊ खेती के लिए बताया भविष्य का प्रभावी मॉडल

मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर कोंडागांव के संस्थापक एवं जैविक कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने लगभग 25 वर्षों तक निरंतर अनुसंधान, प्रयोग और व्यावहारिक अनुभव के आधार पर इस मॉडल को विकसित किया है। वर्तमान बागवानी का प्रकाशन सोसायटी फॉर हॉर्टिकल्चर रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा किया जाता है। इस जर्नल से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सहित देश के अनेक वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक जुड़े हुए हैं।



### 40 लाख के पॉलीहाउस का प्राकृतिक विकल्प

डॉ. त्रिपाठी का दावा है कि पारंपरिक प्लास्टिक पॉलीहाउस बनाने में प्रति एकड़ लगभग 40 लाख रुपए तक खर्च आता है, जबकि नेचुरल ग्रीनहाउस केवल एक से डेढ़ लाख रुपये में तैयार किया जा सकता है। यह पूरी तरह प्रकृति आधारित प्रणाली है, जिसमें विशेष प्रकार के वृक्षों के माध्यम से ऐसा सूक्ष्म पारिस्थितिक तंत्र माइक्रो इकोसिस्टम विकसित किया जाता है जो तापमान, नमी और खेती के वातावरण को प्राकृतिक रूप से संतुलित रखने में सहायक होता है।

### एक साथ कई लाभ देने वाला मॉडल

इस मॉडल में वर्षाजल संरक्षण, वायुमंडलीय नाइट्रोजन का प्राकृतिक स्थिरीकरण, हरित खाद ग्रीन मैन्योर का उत्पादन, कार्बन संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि तथा बहुफसली खेती जैसी अनेक विशेषताएं एक साथ शामिल हैं। इससे खेती की लागत कम होने के साथ किसानों की आय बढ़ाने की नई संभावनाएं भी विकसित होती हैं।

### काली मिर्च की वर्टिकल खेती से बढ़ेगी आय

नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल में लगाए गए वृक्षों पर काली मिर्च जैसी लताओं को चढ़ाया जाता है। दो–तीन वर्षों बाद ये लताएं उत्पादन देना शुरू कर देती हैं। लगभग 70 से 100 फीट की ऊंचाई तक फैल जाती हैं। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार एक एकड़ क्षेत्र में इस प्रणाली से हर वर्ष 5 से 10 लाख रुपए तक अतिरिक्त आय अर्जित होगी। वृक्षों से दीर्घकाल में मूल्यवान लकड़ी और जैविक बायोमास भी प्राप्त होता है। देश में लगभग 85 प्रतिशत किसानों के पास चार एकड़ से कम भूमि है। ऐसे में कम लागत वाली यह प्रणाली छोटे और सीमांत किसानों के लिए विशेष रूप से उपयोगी मानी जा रही है। डॉ. त्रिपाठी इससे पहले मां दंतेश्वरी ब्लैक पेपर–16 नामक उच्च उत्पादक काली मिर्च की किस्म विकसित कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं।

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं न्यायालय अधोसंरचना मॉनिटरिंग सेल की बैठक

विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों और न्यायालय भवन निर्माण की प्रगति की हुई समीक्षा



**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं न्यायालय अधोसंरचना मॉनिटरिंग सेल की बैठक मध्यस्थता कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, केंद्रीय जेल जगदलपुर के कल्याण अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विचाराधीन बंदियों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने तथा जमानत सहित अन्य वैधानिक प्रावधानों का लाभ शीघ्र दिलाने पर जोर दिया गया। नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण, न्यायिक अधिकारियों के आवास, न्यायालय परिसर की मूलभूत सुविधाओं, निर्माण एवं मरम्मत कार्योंर् तथा अधोसंरचना विकास की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को लंबित कार्योंर् में तेजी लाने और निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिकारियों से कहा कि न्यायालय अधोसंरचना से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। ताकि न्यायिक कार्यों का संचालन सुचारु रहे। न्यायालय आने वाले न्यायार्थियों और अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## पेज 9 के शेष

### प्रभु के सामने छतरी, ....

की गौरवशाली बस्तर दशहरा हो या बस्तर गोंचा सहित पूरे बस्तर संभाग के हमारी आराध्य देवी-देवताओं से जुड़े हुए तमाम पर्व त्यौहार की परंपरा ही पूरे विश्व में बस्तर को एक अलग स्थान में स्थापित करती है। जिसे बनाये रखना हम सबका कर्तव्य है। कुमार जयदेव ने कहा कि सभी जगह श्रीजगन्नाथ का पर्व मनाया जाता है, लेकिन बस्तर की रियासत कालीन परंपरा अनुसार यहां के मंदिर शासन के अधीन होने के कारण बस्तर गोंचा महापर्व की परंपराओं के निर्वहन की जिम्मेदारी प्रशासन की है। उन्होंने कहा कि बस्तर गोंचा महापर्व की परंपरा में यदि कुछ गलत होता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। पहली बार हुए इस दुघर्टना से भगवान श्रीजगन्नाथ ने कुछ संकेत दिए हैं, ऐसा बस्तर के स्थानीय लोगों का भी मानना है।

### नगरनार मुख्य बाजार...

की मदद से पूरी मशीन को खींचकर उखाड़ दिया। चोर एटीएम को बूथ से करीब 50 मीटर दूर तक घसीटकर ले गए और एटीएम वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस कयास लगा रही है कि मशीन ज्यादा भारी होने या किसी के आ जाने की आशंका के चलते चोर भाग निकले। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि एटीएम से कोई रकम निकाली गई या नहीं। एटीएम का संचालन करने वाली कंपनी के अधिकारी रायपुर से पहुंच रहे हैं। उनके आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सुबह जब लोगों ने सड़क पर एटीएम पड़ा देखा तो सभी हैरान रह गए।

बूथ में नहीं लगा था कैमरा : नगरनार में एनएमडीसी का बड़ा स्टील प्लांट संचालित है जहां कई राज्यों से आए हजारों कर्मचारी और मजदूर काम करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार चौक में घटना स्थल के पास पुलिस विभाग ने पहले तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए थे लेकिन अप्रैल महीने में मरम्मत के नाम पर उन्हें हटा दिया गया। इसके बाद अब तक कैमरे दोबारा नहीं लगाए गए। लोगों का मानना है कि चोरों ने इसी लापरवाही का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। यह भी बताया जा रहा है कि आम तौर पर एटीएम बूथ में सीसीटीवी लगा होता है लेकिन इस बूथ में कैमरा नहीं लगा था।

### विश्वविद्यालय की...

न्याय मिलेगा तथा विश्वविद्यालय की साख भी पुनः स्थापित होगी। श्री चौधरी ने राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### रैली निकालकर....

किया गया। युवाओं ने कहा कि वे लंबे समय से शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदायों के अधिकारों तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से उठाते रहे हैं। उन्होंने देश में शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान लक्ष्मण बघेल, सुमित पोयाम सहित सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे।

शिक्षा व्यवस्था में गंभीर अपराध : इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार देश में भ्रष्टाचार और सार्वजनिक संसाधनों की लूट को लेकर लगातार चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं। उसी प्रकार अब शिक्षा व्यवस्था में भी पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध सामने आ रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### छू लो आसमान कन्या...

मरकाम ने 312 अंक, प्रार्थना सोरी ने 310, रानू कुंजाम ने 308 तथा रिंकी नाग ने 300 अंक प्राप्त कर नीट-यूजी परीक्षा में सफलता अर्जित की। इन छात्राओं को छग के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस, आयुर्वेदिक, दन्त चिकित्सक, एवं पशु चिकित्सा की कॉलेजो में काउंसलिग के माध्यम से प्रवेश की पात्रता रहेगी। इस उपलब्धि पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। छात्राओं कि सफलता पर छू लो आसमान के संस्था प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता छात्राओं की कठिन मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं टेस्ट सिरीज तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर एवं जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम ने वर्तमान में संस्था में उपस्थित सफल छात्राओं से मुलाकात कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को मुंह मीठा किया। संस्था के नोडल अधिकारी बीएस ताती, अधीक्षिका रविंद्र सैनी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## वन महोत्सव पर सोड़मा में लिया हरियाली का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

वन महोत्सव के अवसर पर वन परिक्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोड़मा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन एवं हरित भविष्य का संदेश देते हुए ग्रामीणों, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

■ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में पौधारोपण

आयोजन केशकाल वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी श्रीमती सुषमा जे. नेताम के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी शुभम पांडेय के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू राम नेताम रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सोड़मा के सरपंच रामलाल नेताम, विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र रंगारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ, ग्रामीणजन एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी से प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने वनों की सुरक्षा, अवैध वृक्ष कटाई एवं वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने में जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही जंगलों और आसपास के क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त रखने, एकल-उपयोग प्लास्टिक का त्याग करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सभी से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर पीला राम दीवान, पवन कुमार नाग, वनपाल डोमार सिंह नेताम, गजेन्द्र नाईक, हेमलाल पुजारी, सुभाष नाग, संगीता नेताम, श्रवण कुमार नेताम, सरिता मरकाम, वनरक्षक खगेश्वर दीवान, रामसूरज कोर्राम, तेनसिंह भोयर, हरिलाल नेताम, भूनेश्वर पांडे, गोविन्द शोरी, सुनिता नेताम सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### उद्घाटन के बाद ही बासिंग पुल के पहुंच मार्ग में दरारें

**नारायणपुर।** जिले से लगभग 21 किलोमीटर दूर अबूझमाड़ के प्रवेश द्वार पर स्थित बासिंग पुल उद्घाटन के कुछ ही समय बाद ही पहुंच मार्ग में दरारें दिखाई देने के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। गौरतलब है कि इस पुल का हाल ही में प्रदेश के वन मंत्री एवं स्थानीय विधायक केदार कश्यप ने उद्घाटन किया था। उद्घाटन के तुरंत बाद पहुंच मार्ग में दरारें सामने आने से स्थानीय लोगों के बीच भी पुल निर्माण की गुणवत्ता को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीवान ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि मंत्री को खुश करने की जल्दबाजी में गुणवत्ताहीन पुल का उद्घाटन करा दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इसकी तकनीकी जांच कराकर आवश्यक सुधार नहीं कराया गया तो भविष्य में यह लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने मांग की है कि पुल और उसके पहुंच मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर उग्र आंदोलन करेगी।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और मांगें सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के



निर्देश दिए। ग्राम काकड़गांव के ग्रामीणों ने दहिकोंगा सबस्टेशन से बार–बार हो रही बिजली कटौती की शिकायत की। वहीं ग्राम चेरबेड़ा के सगाराम मरकाम ने लो–वोल्टेज के कारण रागी फसल प्रभावित होने की जानकारी देते हुए समस्या के समाधान की मांग रखी। ग्राम पंचायत कर्रारमेटा के ग्रामीणों ने माध्यमिक शाला में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाते हुए विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की जानकारी दी और शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। ग्राम बड़ेबंजोड़ा के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग–30 से दहिकोंगा होते हुए गोलावण्ड मार्ग के जर्जर हिस्से की मरम्मत कराने की मांग की। वहीं ग्राम पंचायत बफना के सरपंच सुकदेव नेताम ने पुराने आंगनबाड़ी भवनों के स्थान पर दो नए भवनों की स्वीकृति देने का अनुरोध किया।

### बड़े कनेरा में आयल पाम प्लांटेशन ड्राइव का शुभारंभ

कोण्डागांव। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन एनएमईओ–ऑयल पाम के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग ने विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम बड़े कनेरा में आयल पाम प्लांटेशन ड्राइव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत कृषक धनेश्वर मंडावी की एक एकड़ भूमि में 50 आयल पाम पौधों का रोपण किया गया। यह विशेष



अभियान 15 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जिले में 250 हेक्टेयर क्षेत्र में आयल पाम रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को पौधे, फेंसिंग, ड्रिप सिंचाई सहित विभिन्न मदों में शासन की ओर से अनुदान का लाभ दिया जाएगा। उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने किसानों को आयल पाम की वैज्ञानिक खेती, संभावित आय, विपणन व्यवस्था तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों से इस लाभकारी फसल को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, सरपंच प्रकाश चुरगुनिया, उपसरपंच आनंद पवार, पंचगण, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता कर सामूहिक पौधारोपण किया।

### विधायक- कलेक्टर ने किया बाजारपारा का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी तथा कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने रविवार को नगर के बाजारपारा क्षेत्र का निरीक्षण कर बाजार के सुव्यवस्थित पुनर्विकास की



संभावनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बाजार परिसर में आधुनिक एवं व्यवस्थित बाजार शेड, बेहतर विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था तथा वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। विधायक और कलेक्टर ने कहा कि बाजार के विकास की योजना तैयार करते समय व्यापारियों, ग्रामीणों और आम नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि बाजार अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बन सके। निरीक्षण के दौरान मनोज जैन, सुश्री सोनामणि पोयाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सचिन गुप्ता तथा राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




प्ररूप-(तीन)
**शपथ-पत्र**

मैं मिराबती पिता कबिरचंद (MIRA BATTI D/O KABIRCHAND) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) उम्र 26 वर्ष, जाति हल्बा, निवासी ग्राम छोटेडोंगर पोस्ट तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर (छ.ग.) एतद्द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ :-

1. मैं ग्राम छोटेडोंगर पोस्ट तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम मिराबती पिता कबिरचंद (MIRA BATTI D/O KABIRCHAND) है और मैं अपना नाम बदलकर मीरावती घरत पिता कबीरचंद घरत (MEERAVATI GHARAT D/O KABIRCHAND GHARAT) (नया नाम) करवाना चाहती हूँ। जो मेरे जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

मीरावती
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता मीरावती घरत पिता कबीरचंद घरत सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है। आज दिनांक 20/07/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर / अंगूठा निशान कर सत्यापित की।

स्थान :- नारायणपुर
दिनांक :- 20/07/2026

मीरावती
सत्यापनकर्ता

समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक
नारायणपुर जिला - नारायणपुर
**// शपथ पत्र //**

मैं घंडवा (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी-पंडी निवासी-कुरूषनार, (करमरी) तहसील- नारायणपुर जिला- नारायणपुर राज्य- छत्तीसगढ़ एतदद्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

1. मै ग्राम- कुरूषनार, (करमरी) तहसील - नारायणपुर जिला - नारायणपुर राज्य -छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम घंडवा है। और मै अपना नाम बदलकर-घड़वा नेताम पिता श्री पंडी नेताम करवाना चाहता/चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय मे कोई भी प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक मे ऋण की राशि शेष है।
4. मै नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता/करती हूँ, तो उसके लिये मै पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।
5. मै यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास मे रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ। तथा समक्ष प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं घंडवा (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी- पंडी निवासी- कुरूषनार, (करमरी) तहसील- नारायणपुर जिला- नारायणपुर राज्य- छत्तीसगढ़ सत्यापित करता हूँ कि शपथ-पत्र कि कंडिका 01 से 05 तक कि बातें सत्य है आज दिनांक - 20/07/2026 को नारायणपुर मे अपना हस्ताक्षर किया।

घड़वा
शपथकर्ता

**LOVEKUSH INSTITUTE OF NURSING,**
KUMHARPARA, KEVATI ROAD, MASORA, NARAYANPUR CHOWK, KONDAGAON, DIST-KONDAGAON (C.G.), PIN CODE-494226
Recognized by:- Indian Nursing Council, New Delhi
Affiliated to:- Pt. Deendayal Upadhayay Memorial Health Sciences & Ayush University Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur (C.G.)
Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur (C.G.)

**WE URGENT REQUIRED**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per Council Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Vice-Principal cum Professor | 01 | Essential Qulification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 Years Experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D(N) is desirable |
| 2. | Professor | 01 | Essential Qulification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 Years Experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D(N) is desirable |

Salary :- As per norms and experience eligible candidates
Only CG Registration Candidates
Came with application along with 2 Passport size photos
Contact Details:- 9340468107
Forward Your Resume to Email ID.- lovekush1212.kgn@gmail.com
Late date of receipt of Application:- Within 10 Days from the date of publication of advertisement

Director
Lovekush Institute of Nursing Kondagaon (C.G.)

## खबर संक्षेप

### कैच-द-रेन अभियान के तहत चलाई जाएगी जनजागरूकता

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनर्जीवन विभाग एवं विभागीय निर्देशों के परिपालन में कैच-द-रेन अभियान हेतु जन-जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा इस संबंध में अपील की गई है कि, कैच-द-रेन अभियान 2026 के तहत भवनों में रूफटॉप रैनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना, उपयुक्त स्थलों पर रिचार्ज पीट एवं रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण, बंद, निष्क्रिय बोरवेलों का पुनरूद्धार, भूजल पुनर्भरण करने के साथ-साथ तालाबों, झीलों एवं पारम्परिक जले संरचनाओं तथा जल निकायों, नालियों में कचरा न फेका जाए। रिचार्ज जोन एवं कैचमेंट क्षेत्रों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवं पूर्व से रोपित पौधों का रख-रखाव भी कैच-द-रेन अभियान के अंतर्गत किया जाएगा।

### रेशम हितग्राहियों ने किया प्रशिक्षण पूर्ण



**बीजापुर।** रेशम उत्पादन को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला के 12 रेशम हितग्राहियों ने संयुक्त संचालक, रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण बिलासपुर में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रशिक्षण 16 से 21 जुलाई तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को रेशम उत्पादन से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा तसर पालन की वैज्ञानिक पद्धति, स्वस्थ डिम्ब समूहों का प्रबंधन, खाद्य पौधों का संरक्षण एवं प्रबंधन, कीट पालन की आधुनिक तकनीक, रोग एवं कीट नियंत्रण, कोसा उत्पादन, गुणवत्ता सुधार तथा उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के प्रभावी उपायों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में रामुराम बेक, रविकुमार, राजू नाग, करन कुमार, नितेश, जयकिशन, हनुमंत राव, राजा राम, अनिल, नवीन, रितेश एवं संतोष ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक पद्धति से रेशम उत्पादन बढ़ाने तथा बेहतर गुणवत्ता का कोसा उत्पादन करने की तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

## निधन

### सीताराम कपूर



**जगदलपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और पंजाब समाज धर्मसभा के सदस्य सीताराम कपूर का 100 वर्ष की आयु में सोमवार की सुबह 11 बजे स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार की शाम 4 बजे पुराना भट्ठी रोड स्थित पैतृक आवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश-दिनेश कपूर के पिता, विवेक, विशाल और सिध्दार्थ के दादा और संजीव-राजीव कपूर के ताऊ थे।

# बियासी के लिए बारिश का इंतजार, माड़ में खेती किसानी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार

इंद्रावती नदी पार के माड़ इलाके में बारिश नहीं होने से खेती किसानी पर बुरा असर देखा जा रहा है। गोंचा पर्व जारी है और धान की क्यारियों में पानी एक बूंद नहीं है। जलाभाव के कारण बिंयासी और रोपा में विलंब हो रहा है।

भैरमगढ़ ब्लॉक के कोशलनार, मंगनार, गोड़िया, कोदाभाटा, मोर्समेटा बेंगलुर, टूंडेर, तुषवाल आदि माड़ इलाके के किसान मौसम की बेरूखी से परेशान है। लगातार एक पखवाड़े से इन इलाके में मानसूनी गतिविधि निष्क्रिय हो गई है। धान की क्यारियों में पानी नहीं है। जबकि धान के पौधे बिंयासी के लायक हो चुके हैं। पहले के दौर में 80 -90 के दशक में श्री गोंचा तक किसान एक तिहाई रकबे में बिंयासी का काम पूरा कर लेते थे। आज हालात ऐसे है कि बिंयासी शुरू ही नहीं हुआ है। वही धान की नर्सरी तैयार है पर मचाई के लायक पानी नहीं है। धान की बिंयासी और रोपा में विलंब होने से उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। समयावधि में बिंयासी नहीं हो पाने से धान को बढ़वार के लिए कम समय मिलेगा। यही नहीं अचानक एक साथ काम शुरू होने से देशी हल का किरया में बढोत्तरी भी होगी। काम की जल्दबाजी में लागत बढ़ेगी और संसाधन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोशलनार- मंगनार नदी पार का माड़ इलाका है, ज्यादातर किसान गरीब तपके से है। इनकी जीविका का मुख्य आधार खेती किसानी है। लगभग हर खरीफ सीजन में मौसम प्रतिकूल रहता है। गत वर्ष अगस्त में आई जल प्रलय से नदी- नाले के किनारे वाले खेतों में आज भी तबाही का मंजर साफ नजर आता है।



### धान की बढ़वार होगी प्रभावित

थलेश ठाकुर के मुताबिक मई के अंतिम सप्ताह और जून के शुरू में बोनी पूरी करने वाले किसान बिंयासी के लिए बारिश का इंतजार हैं। इस समय धान की क्यारियों में पानी बिलकुल नही है। जबकि धान की क्यारियों में इस समय पानी होना बहुत जरूरी है। समय पर बिंयासी नहीं होता है तो धान की बढ़वार प्रभावित होगी। धान के पौधे में कंसे नहीं फूट पाऐगे। इसका औसत उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। धान की अग्रिम नर्सरी तैयार है पर मचाई के लायक पानी नहीं है। मौजूदा संकट से पार पाने के लिए आवश्यक समसामयिक सलाह देने वाले भी नहीं है।

# चार ग्राम पंचायतों को मिले पानी के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज धर्माऊर कार्यालय में लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के चार ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर वितरित किए गए।

- विधायक ने एरडवाल, छिंदबहार, धुरागांव तथा बिंता के लिए टैंकरों का किया वितरण



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने ग्राम पंचायत एरडवाल, छिंदबहार, धुरागांव तथा बिंता के लिए पानी के टैंकरों का वितरण किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में पानी के टैंकर ग्रामीणों तक समय पर पेयजल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन टैंकरों के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक प्रभावी एवं सुचारु होगी।

### स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार: गोयल

विधायक गोयल ने कहा कि विकास केवल सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति ही वास्तविक विकास का आधार है। स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पानी के टैंकरों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए ताकि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्राथमिकता के साथ कार्य जारी रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पानी के टैंकर मिलने से गांवों में पेयजल संकट से निपटने में बड़ी सहायता मिलेगी। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में दूर-दराज के मोहल्लों एवं बस्तियों तक पानी पहुंचाने में यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। ग्रामीणों ने इस पहल को जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके लिए विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टेका प्रथा व आउटसोर्सिंग के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने खोला मोर्चा

## 22 जुलाई को रैली निकाल कर कलेक्टोरेट पहुंचेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

राज्य सरकार ने समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में केरल की एचएलएल कंपनी को लैब के संचालन का जिम्मा सौंपने से स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। सरकार उक्त कंपनी को प्रति जाँच के हिसाब से रुपए देगी। स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले के विरोध में समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले 22 तारीख को रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। जिसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी को दे दी गई है। जिलाध्यक्ष सदाशिव दुर्गम का कहना है कि सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य लोकसेवा होता है बल्कि निजी कंपनी सिर्फ व्यवसाय एवं मुनाफे के उद्देश्य से कार्य करती हैं।

- केरल की कंपनी को लैब के संचालन का जिम्मा सौंपने से कर्मचारियों में रोष

सरकारी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति जवाबदेह होता है एवं लापरवाही बरतने पर कार्यवाही का डर भी उस पर रहता है। परंतु निजी कंपनी पर जिला अधिकारियों का नियंत्रण कितना होगा ये बड़ा सवाल है। लैब के बाद फॉर्मेसी को भी कंपनी के माध्यम से संचालन की बातें भी सामने आ रही है। सरकार के इस फैसले से पैरामेडीकल एवं फार्मेसी के क्षेत्र में भविष्य की तलाश कर रहे युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है। कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य में स्वास्थ्य विभाग में नियमित भर्तियों को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है। जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने विरोध स्वरूप 22 तारीख को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। यदि सरकार इस निर्णय को वापिस नही लेती तो भविष्य में स्वास्थ्य कर्मचारियों को आंदोलन का रुख करना पड़ सकता है।



# पीएम श्री सेजेस में छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहंडीगुड़ा में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र परिषद का गठन करते हुए विभिन्न पदों के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इनमें हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, सांस्कृतिक प्रमुख बालक एवं बालिका, गतिविधि प्रभारी बालक एवं बालिका, खेल प्रमुख बालक एवं बालिका, फर्स्ट एड प्रभारी बालक एवं बालिका, रेड, ब्लू, ग्रीन एवं येलो हाउस के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन बालक एवं बालिका, मिडिल हेड बॉय एवं हेड गर्ल तथा प्राइमरी हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन किया गया।

विद्यालय के हेड बॉय के रूप में दिलेश पांडेय एवं हेड गर्ल के रूप में याशी गुटा का चयन किया गया। प्राइमरी हेड बॉय चंद्रकांत साहू एवं हेड गर्ल क्षमा नाग, मिडिल हेड बॉय भुवेश रात्रे एवं हेड गर्ल मुस्कान बघेल, स्पोर्ट्स हेड बॉय तुषार ठाकुर एवं स्पोर्ट्स हेड गर्ल रूपाली ठाकुर, तथा कल्चरल हेड बॉय दिव्य बघेल एवं कल्चरल हेड गर्ल पीहू ठाकुर चुने गए। हाउस कैप्टनों में रेड हाउस के लिए पवन कश्यप एवं चुनौती पाणिग्राही, ब्लू हाउस के लिए देवांश नाग एवं मोनिका कश्यप, येलो हाउस के लिए सूर्यांश पांडेय एवं प्राची लोनहारे, तथा ग्रीन हाउस के लिए ऋषित पांडेय एवं भावना साहू का चयन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, वरिष्ठ विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। यह समारोह विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापड़े एवं पीटीआई अभिजीत तिवारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

# धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज का युवक-युवती संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सामाजिक एकता और युवा जागरूकता का संदेश लेकर बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज युवा संगठन ने रविवार को एक युवा-युवती संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर समाज को संगठित करने का संकल्प लिया।

भगवान श्रीराम और मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित जगदलपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता लाने और नए नेतृत्व को तैयार करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। युवाओं की व्यापक उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि समाज का युवा वर्ग अब अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर है।

संवाद के दौरान शिक्षा, रोजगार, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और आपसी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन को गाँव-गाँव तक विस्तार दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा और नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे समाज की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके।

कार्यक्रम में समाज की महिलाओं और युवतियों की भागीदारी को भी विशेष महत्व दिया गया। समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए युवती संवाद मंच के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मंच के माध्यम से समाज की बहनें अपनी बात रख सकेंगी और नेतृत्व में अपनी भूमिका निभा सकेंगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि समाज के किसी भी सदस्य के सुख-दुख में युवा एकजुट होकर सहयोग करेंगे। समापन सत्र में आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित कर इस कार्यक्रम के परिणामों का मूल्यांकन किया जाएगा और भविष्य में और बड़े स्तर पर युवा संवाद आयोजित करने की योजना बनाई जाएगी।

अंत में सभी उपस्थित युवाओं ने समाज को नई दिशा देने, शिक्षा को बढ़ावा देने और एक मजबूत व आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का संकल्प लिया। बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज युवा संगठन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, पदाधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# 14 वर्ष की बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल द्वारा हाई स्कूल केशरपाल में 14 वर्ष की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका सर्वाइकल कैंसर के साथ-साथ मुंह, गले और जननांगों के कैंसर से भी सुरक्षा प्रदान करता है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वैक्सीन वायरस से होने वाले 90 प्रतिशत से अधिक कैंसर के मामलों को रोकने में सक्षम है। चिकित्सकों के मुताबिक टीका 9 से 14 साल के बच्चों के लिए सबसे अधिक प्रभावी है। इस आयु में टीका लगवाने से यौन संपर्क से पहले ही शरीर में प्रतिरक्षा विकसित हो जाती है, जिससे भविष्य में संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है। इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार द्वारा इस आयु वर्ग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह टीका लड़के और लड़कियों दोनों के लिए अनुशंसित है। 9 से 14 वर्ष की आयु में इसे 6 से 12 महीने के अंतराल पर केवल 2 खुराक में पूरा किया जा सकता है। वहीं 15 से 26 वर्ष की आयु के किशोर-किशोरियों को 3 खुराक लगानी होती हैं जो 0, 2 और 6 महीने के अंतराल पर दी जाती हैं।



खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नारायण नाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या स्कूल में लगने वाले शिविर में ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं। समय पर टीकाकरण से बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है और उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। इस दौरान डॉ हेमन्त यादव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी , सिस्टर यशोदा, तुलवती, अनीता, धरमु एवं स्कूल के प्राचार्य सूदन मौर्य एवं ने सहयोग किया 38 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया।

# प्रारंभिक शिक्षा में शिक्षण पद्धतियों को कर रहे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) ने टाटा ट्रस्ट और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ मिलकर 18 जुलाई को एससीईआरटी, रायपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में 'टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे (टीएलपीएस) 2025 रिपोर्ट जारी की। यह सर्वे कक्षा 1 और 2 में शिक्षण प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति को समझने और स्कूल के शुरुआती वर्षों में अपनाए जा रहे पढ़ाने के तरीकों का विश्लेषण करने के उद्देश्य से किया गया है। रिपोर्ट के निष्कर्ष निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के प्रयासों को और प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।



रिपोर्ट विमोचन कार्यक्रम में एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ, एलएलएफ के राष्ट्रीय सलाहकार पद्मश्री महेंद्र कुमार मिश्रा, सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डाइट के प्राचार्य, समग्र शिक्षा के प्रतिनिधि, राज्य संसाधन समूह के सदस्य और शिक्षा विशेषज्ञ शामिल हुए।

एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने कहा कि ऐसी कक्षाओं की सबसे ज्यादा जरूरत है, जहाँ बच्चे बिना डर के अपनी गलतियों से सीख सकें। उन्होंने कहा, जिस दिन कोई छात्र बिना डर के अपनी गलती स्वीकार कर लेता है, उसी दिन उसके भीतर असली सीख शुरू होती है। एक अच्छा शिक्षक सिर्फ जवाब नहीं देता, बल्कि ऐसा सवाल छोड़ता है जो पूरी जिंदगी सीखने की प्रेरणा देता है। ज्ञात हो कि अब तक एलएलएफ ने 10 राज्यों में 2.18 करोड़ बच्चों और 11.8 लाख शिक्षकों तक पहुँच बनाई है और जिला स्तर पर 14 लाख बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार किया है। अच्छी नीतियां और पर्याप्त संसाधन तभी सार्थक हैं, जब उनका असर कक्षा में स्पष्ट दिखे।


**GAYATRI INSTITUTE OF NURSING, JAGDALPUR**

Shiv Mandir Ward No.-03, Nayapul, Dongaghat, Jagdalpur, Dist- Bastar (C.G.) Pin code -494001

Recognized by:- Indian Nursing Council, New Delhi
Affiliated to:- Pt. Deendayal Upadhayay Memorial Health Sciences & Ayush University, Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur (C.G.)
Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur (C.G.)

**WE URGENT REQUIRED**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per Council Norms |
|---|---|---|---|
| 1. | Principal cum Professor | 01 | Essential Qulification:- M.Sc. (N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 Years Experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in Collegiate programme. Ph.D (N) is desirable |

Salary :- As per norms and experience eligible candidates
Only CG Registration Candidates
Came with application along with 2 Passport size photos

Contact Details:- 9893845055, 8982571880
Forward Your Resume to Email ID.- ginjagdalpur@gmail.com
Late date of receipt of Application:- Within 10 Days from the date of publication of advertisement

Director
Gayatri Institute of Nursing Jagdalpur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### किरायेदारों का सत्यापन अनिवार्य पुलिस ने जारी की अपील

**गीदम।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गीदम पुलिस ने मकान मालिकों, होटल एवं लॉज संचालकों से अपने किरायेदारों और मेहमानों का पुलिस सत्यापन कराने की अपील की है। पुलिस द्वारा जारी जनजागरूकता संदेश में कहा गया है कि प्रत्येक मकान मालिक अपने किरायेदारों तथा होटल एवं लॉज संचालक अपने यहां ठहरने वाले मेहमानों का सत्यापन अवश्य कराएं। इसके लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पुलिस के अनुसार, समाधान ऐप के जरिए किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन, कर्मचारियों का सत्यापन तथा अन्य ऑनलाइन नागरिक सेवाओं का लाभ आसानी से लिया जा सकता है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पुलिस सिटीजन पोर्टल पर भी सत्यापन सेवाएं उपलब्ध हैं, जिससे नागरिक बिना किसी परेशानी के आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। गीदम थाना प्रभारी अमित बेरिया ने गीदम नगरवासियो से अपील की है कि यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### ठोस अपशिष्ट पृथक्करण और स्टॉप डायरिया अभियान पर जोर



गीदम। नगर पंचायत बारसूर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं जनस्वास्थ्य संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता अपनाने, कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण करने तथा जलजनित एवं वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान के दौरान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार संचालित स्टॉप डायरिया अभियान के तहत भी लोगों को स्वच्छ पेयजल, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता की आदतें अपनाकर डायरिया सहित कई संक्रामक बीमारियों की प्रभावी रोकथाम की जा सकती है। इस अवसर पर नगर पंचायत की टीम एवं स्वच्छता दीदियों ने बाजार क्षेत्र तथा आसपास के इलाकों में जनसंपर्क कर लोगों को गीले, सूखे, सैनिटरी तथा विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करने की जानकारी दी।

### बस्तर थाना पुलिस का स्कूलों में जागरूकता अभियान



**बस्तर।** बस्तर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को साइबर अपराध, नशा मुक्ति और यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बस्तर थाना पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी स्वयं स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को तकनीकी और सामाजिक खतरों से बचाव के उपाय बता रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े ने विद्यार्थियों को विस्तार से मार्गदर्शन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आजकल ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फर्जी कॉल, लॉटरी के नाम पर धोखाधड़ी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि किसी भी अंजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक कार्ड की जानकारी, आधार नंबर और पासवर्ड साझा न करें। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में शिकायत करें।

## रफ्तार पर लगाम कसने सरकार ने जारी किया नोटिस

# एक चालक के भरोसे एक हजार किमी का सफर

### न वर्दी का पता ना रफ्तार का, हादसे की आशंका

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा





छत्तीसगढ़ में लंबी दूरी की बसों में यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आ रही है। कई निजी बसों में एक हजार किलोमीटर का सफर केवल एक चालक के भरोसे कराया जा रहा है। लगातार कई घंटों तक वाहन चलाने से चालक थकान और नींद का शिकार हो सकता है, जिससे सड़क दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर से कोन्टा तक 1050 किमी तक लंबी दूरी की बसों में लगातार कई घंटों तक एक ही चालक के वाहन चलाने से थकान के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। पड़ोसी राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कई लंबी दूरी के मार्गों पर दो चालकों की व्यवस्था देखने को मिलती है, जिससे चालक को पर्याप्त विश्राम मिल सके और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित हो। छत्तीसगढ़ में भी इस तरह की व्यवस्था लागू करने की मांग समय-समय पर उठती रही है।

### 149 बस ऑपरेटरों को नोटिस जारी

प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगाने वाले 149 बस ऑपरेटरों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इस कार्रवाई के बीच सड़क सुरक्षा से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी सामने आ रहे हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### बिना वर्दी, कैसे होगी चालक की पहचान

शासन के नियमानुसार बस चालक और परिचालकों के लिए वर्दी की अनिवार्यता चर्चा में है। पड़ोसी राज्यों के सभी वाहनों में चालक और परिचालक निर्धारित वर्दी में रहते हैं, जिससे उनकी पहचान स्पष्ट होती है और यात्रियों में भरोसा बढ़ता है। सुकमा मे आने व जाने वाली लगभग अधिकांश निजी बसों में ऐसी व्यवस्था व्यापक रूप से दिखाई नहीं देती।

### खतरे के साथ-साथ भाड़ा भी ज्यादा

यात्रियों का यह भी कहना है कि कुछ मार्गों पर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की तुलना में छत्तीसगढ़ में किराया अधिक महसूस होता है। हालांकि किराया मार्ग, दूरी, टोल, कर और बस की श्रेणी के अनुसार अलग-अलग हो सकता है, फिर भी यात्री किराया निर्धारण की पारदर्शिता और समय-समय पर समीक्षा की मांग करते रहे हैं।

### रफ्तार पर नहीं है विभाग की लगाम

लंबी दुरी खासकर सुकमा से राजधानी व हैदारबाद की ओर चलने वाली अधिकांश बसों की रफ्तार पर परिवहन विभाग मौन है। वैसे कहने को तो कोन्टा में आरटीओ बेरियर भी है लेकिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए ही है। जबकि जितनी भी लंबी दुरी की बसें है वो इसी बेरियर के नीचे से रोज गुजरती है।

### यह सब काम जगदलपुर वालों का है: प्रभारी

कोन्टा बेरियर मे पदस्थ आरटीओ प्रभारी संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कृत्यों पर कार्रवाई करने का अधिकार जगदलपुर फ्लाईंग वालों का है। बेरियर पर सिर्फ ट्रको की निगरानी का ही कार्य हे।

### मुख्य बिंदु

- लंबी दूरी की बसों में एक ही चालक से कराया जा रहा चालन
- लगातार ड्राइविंग से दुर्घटना का बढ़ रहा खतरा
- पड़ोसी राज्यों में दो चालक और वर्दी की व्यवस्था
- छत्तीसगढ़ में सुरक्षा मानकों के पालन पर उठ रहे सवाल
- यात्रियों ने परिवहन विभाग से सख्त नियम लागू करने की मांग की

# युवाओं का मौन प्रदर्शन, नीट पेपर लीक पर मुखर हुए







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कठोर कार्यवाही एवं शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपतें हुए छात्रों ने प्रदर्शन किया । बस्तर के अंतिम छोर चार राज्यों के सीमा क्षेत्र कोंटा में छात्रों ने मौन प्रदर्शन करते सात सूत्रीय मांग रखी।

राष्ट्रपति के नाम कोंटा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते छात्रों ने कहा है कि मांगों को प्रस्तुत कर रहे हैं । प्रत्येक विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम, समय एवं संसाधन लगाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है ताकि अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सके । किन्तु हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट यूजी सहित अन्य परिक्षाओं में पेपर लीक एवं कथित अनियमितताओ की घटनाओं ने लाखों विद्याथीर्यों के भविष्य को प्रभावित किया है। इससे परीक्षा प्रणाली पर विश्वास कमजोर हुआ है।

### समर्थन में पहुंचे जिपं व जपं उपाध्यक्ष

जिला पंचायत सुकमा के उपाध्यक्ष महेश कुंजाम , कोन्टा जनपद उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा सहित छात्र नेता राजेश नाग कोन्टा के अंतराज्यीय बस स्टैंड परिसर पर चले रहे छात्र हित मौन प्रदर्शन में समर्थन देने पहुंचे । कुंजाम ने लगातार नीट परीक्षा में अनियमितएं होने से केंद्र सरकार को छात्रों की आवाज सुनने पर बल दिया। छात्र हित के लिए चिंता जाहिर की। वहीं कोन्टा के युवा फयाज खान ने छात्रों के साथ हो रहे अत्याचार नीट पेपर लीक में छात्रों की मौत पर दुख प्रकट किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी व सावन झूला की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी और प्रदेश स्तरीय सावन झूला कार्यक्रम को लेकर सोमवार को बस्तर जिला यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक श्री कृष्ण मंदिर में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी सातों ब्लॉक में घर घर जाकर पत्रक वितरण कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

- सावन झूला कार्यक्रम में महिलाओं और पुरूषों के लिए ड्रेसकोड

यादव समाज के सरक्षंक विक्रम सिंह यादव ने बताया कि सभी विषयों पर व्यापक चर्चा हुई और कार्य योजना बनाई गई है और आगामी 26 जुलाई को होनी वाली बैठक में तमाम तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि जगदलपुर सहित सभी सात ब्लॉकों में घर-घर पत्रक बांटे जाएंगे जिसमें यादव परिवारों की संख्या दर्ज होगी। वहीं निर्णय लिया गया कि सावन झूला कार्यक्रम में महिलाएं हरे रंग की वेशभूषा में आएंगी। वहीं श्री कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक रमांचल यादव, गजेंद्र यादव, लक्षीन यादव, विक्रम सिंह यादव, निर्मल यादव, अध्यक्ष सुकमन यादव, उपाध्यक्ष रघुवंश यादव, सचिव लकी यादव, नगर अध्यक्ष चैन सिंह यादव, अमिताभ यादव, बबलू यादव, ओमकार यादव, शिवलाल यादव, सुधीर यादव, श्रीमती शांति यादव, रुक्मणी यादव, खेमलता यादव, पदमा यादव, मधु यादव, सुनीता यादव, संगीता यादव, संतोषी यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद थे।

## कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन...

जगदलपुर। नीट पेपर लीक और री-नीट परीक्षा से जुड़े घटनाक्रम के विरोध तथा बस्तर की बेटी सुश्री हरिका राव नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित करने सोमवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। कांग्रेस नेताओं ने नारे लगाते केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। कैंडल मार्च में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य और प्रेम शंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और मृत छात्रा के परिजन शामिल थे।





## धारदार चाकू लेकर आम लोगों को खूले आम डरा रहा आदतन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर गोंचा पर्व के दौरान दंतेश्वरी मंदिर के करीब श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद आदतन बदमाश लोगों को धारदार चाकू लेकर डरा धमका रहा था। इसकी खबर लगते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ धर दबोचा।

आदतन बदमाश के खुले आम लोगों को डराने व धमकाने की खबर लगते ही एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम को घटनास्थल रवाना किया गया। मौके पर पहुंची टीम द्वारा आरोपी रणवीर डोंगरे 20 वर्ष निवासी बलीराम कश्यप वार्ड नयामुण्डा रेन बसेरा के सामने को हिरासत में लिया गया।

गौरतलब है कि बस्तर गोंचा पर्व को देखते हुए सिरहासार क्षेत्र में सुरक्षाबलों की तैनाती कर नजर रखी जा रही है। ड्यूटी पर तैनात थाना कोतवाली स्टॉफ को सूचना मिला कि गोंचा पर्व के दौरान दन्तेश्वरी मंदिर के पास भारी भीड़ के मध्य एक लड़का अपने पास रखे धारदार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमकाकर भयभीत कर रहा है। मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा आरोपी रणवीर डोंगरे को पकड़कर उसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया।

# सीएसआर के तहत सुदूर गांवों में सड़क, हाईमास्ट, सोलर पंप सहित दी कई सौगातें

## बैलाडीला की 17 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के अधीन देश की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने बैलाडीला लौह अयस्क खदान परियोजनाओं के आसपास के गांवों में विकास का खाका खींचने की पुख्ता योजना तैयार की है। पहले चरण में किरंदुल और बचेली परियोजनाओं के आसपास की 17 ग्राम पंचायतों में आधारभूत ढांचे के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है। इसका शुभारंभ हाल ही में कुआकोंडा ब्लॉक स्थित सुदूर अंचल के गांव हिरोली में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम से हुआ। जहां सांसद महेश कश्यप ने एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक एवं बैलाडीला किरंदुल परियोजना के प्रमुख रवींद्र नारायण के साथ बेलचा चलाकर कंक्रीट सड़क निर्माण की शुरूआत की।

ग्रामीणों को संबोधित करते सांसद ने कहा कि सुदूर गांवों में विकास योजनाओं की आज शुरूआत हुई है। भविष्य में और भी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने सीएसआर फंड से शुरू की गई इन विकास योजनाओं के लिए एनएमडीसी प्रबंधन की सराहना की और कंपनी के सामाजिक सरोकारों के प्रति आभार जताया। इससे पहले एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खदान किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रवींद्र नारायण ने स्वागत भाषण में एनएमडीसी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएमडीसी हमेशा से अपने परियोजना क्षेत्र एवं उसके आसपास रहने वाले लोगों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित रहा है। अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत पहले चरण में किरंदुल परियोजना के समीपवर्ती गांव हिरोली, समलवार और चोलनार में विकास की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत 17 सीसी सड़कें, 15 सोलर हाईमास्ट लाइट्स, 24 सोलर ड्यूल पंपसेट एवं तीन सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाए जाएंगें। इसके बाद अन्य कार्य होंगे। नारायण ने कहा कि एनएमडीसी दंतेवाड़ा जिले में पिछले कई सालों से शिक्षा, स्वास्थ्य व बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। बालिका शिक्षा सहयोग योजना के तहत 2011 से बस्तर की सैकड़ों बेटियों को हैदराबाद स्थित ख्यातिप्राप्त संस्थान से नर्सिंग की पढ़ाई कराने से समूचे बस्तर में पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी दूर हुई है। एनएमडीसी के सहयोग से संचालित छू लो आसमान जैसे शिक्षण संस्थानों से अब बस्तर के युवा डॉक्टर व इंजीनियर बनकर निकल रहे हैं। लक्ष्य जैसी पहल स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की गारंटी बनकर उभरी है। शिक्षा सहयोग योजना के जरिये मिल रही छात्रवृत्ति ने हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है। गांवों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के अलावा स्थानीय ट्राइब्स को परियोजना अस्पतालों में निःशुल्क उपचार जैसी योजनाएं एनएमडीसी सीएसआर के तहत कराये जा रहे लोकोपयोगी कार्यों की बानगी हैं। भविष्य में भी स्थानीय समुदायों के विकास के लिए हर संभव पहल की जाएगी।

## जनजागरूकता बढ़ाने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दे रहे प्रकृति प्रेमी

# चिंगपाल संकुल में 151 पौधों का रोपण एवं न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से दरभा जनपद के चिंगपाल संकुल की विभिन्न शालाओं एवं आश्रमों में सोमवार को पौधरोपण एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। ट्री मैन सम्पत झा के सहयोग से आज रुद्राक्ष, जामुन, आम, मौलश्री, अमलतास, कचनार अमरुद, पीपल, बरगद, बेल, स्वर्ण, चम्पा, नीम के 151 पौधे उपलब्ध लगाए गए। इन पौधों का रोपण हायर सेकेंडरी स्कूल चिंगपाल दोनों कन्या आश्रमों तथा प्राथमिक शाला गाड़मगुड़ा में किया गया। वहीं समाजसेवी लक्ष्मण राजपुरोहित ने स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सरपंच जयराम बघेल, प्राचार्य एम.एस. भारद्वाज, वृक्षमित्र दिव्या भारद्वाज एवं श्रीमती राजपुरोहित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने कहा कि बच्चे समाज के सबसे प्रभावी संदेशवाहक होते हैं। यदि उनमें पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित किए जाएं तो आने वाली पीढ़ियां भी प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनेंगी। उन्होंने विकासखंड कार्यालय जगदलपुर परिसर में सम्पत झा द्वारा उपलब्ध कराए गए 5,000 पौधों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके बेहतर संरक्षण के कारण कार्यालय को दो लाख का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने विद्यार्थियों से चिंगपाल संकुल को भी हरित एवं आदर्श परिसर बनाने का आह्वान किया।

सम्पत झा ने कहा कि केवल हजारों पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले में अब तक 20,000 से अधिक पौधों के रोपण में सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी सफलता का श्रेय उन सभी वृक्षमित्रों को जाता है जिन्होंने पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाया।

कार्यक्रम में मंगलराम कश्यप, सुदरूराम कश्यप, फूलसिंह बघेल, सुजीत प्रधान, अफजल अली, कृष्णा बघेल, बनिता पानीग्राही, प्रेम कश्यप सहित स्टाफ उपस्थित थे। संचालन वंदना झा ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411